भाजपा लोकसभा

उम्मीदवारों की प्रोफाइल

1. बैदूराम कश्यप- बस्तर

बस्तर लोकसभा से भाजपा जिला अध्यक्ष बैदूराम कश्यप को उरम्मीदवार बनाया है। केशलूर विधान सभा से विधायक निर्वाचित हो कर पहली बार विधायक बने। दूसरी बार चित्रकोट विधानसभा से विधयक निर्वाचित हुए और बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे है। बस्तर जिला पंचायत के सदस्य भी रहे हैं।

2. मोहन मंडावी- कांकेर

कांकेर लोकसभा से उम्मीदवार मोहन मंडावी वर्तमान में छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग के सदस्य हैं। धार्मिक सामाजिक सेवा में सक्रिय मोहन मंडावी राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ से जुडे हुए हैं। वे प्रसिद्ध रामकथा मानस गायक हैं।

3. गोमती साय- रायगढ़

रायगढ़ लोकसभा की उम्मीदवार श्रीमती गोमती साय पूर्व में मण्डल अध्यक्ष का दायित्व सभाल चुकी हैं। वर्तमान में जशपुर जिला पंचायत का अध्यक्ष हैं, वे जनपद पंचायत की सदस्य भी रह चुकी हैं।

4. रेणुका सिंह- सरगुजा

सरगुजा लोकसभा से पूर्व मंत्री रेणुका सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वे प्रेमनगर से दो बार विधायक निर्वाचित हुई हैं। 2003 से 2005 तक महिला बाल विकास मंत्री भी रही हैं। 2005 से 2013 तक सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रही हैं।

5. गुहाराम अजगले- जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा से पूर्व संसद गुहाराम अजगले को उम्मीदवार बनाया है, वे अविभाजित सारंगढ़ लोकसभा से सांसद रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य हैं।

6. संतोष पाण्डेय- राजनांदगांव

राजनांदगांव लोकसभा से प्रदेश महामंत्री संतोष पाण्डेय को उम्मीदवार बनाया गया है। राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़े संतोष पाण्डेय पार्टी के विभिन्न पदों का दायित्व निभा चुके हैं। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। पंडरिया विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। युवा मोर्चा के विभिन्न दायित्वों में रह चुके हैं।

7. सुनील सोनी- रायपुर

रायपुर लोकसभा से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोनी को उम्मीदवार बनाया गया है। रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर एवं रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रहे सुनील सोनी छात्र राजनीति में सक्रिय रहते छात्र आंदोलनों से जुड़े रहे। वे दुर्गा कॉलेज महाविद्यालय के अध्यक्ष भी रहे।

8. अरूण साव- बिलासपुर

बिलासपुर लोकसभा से अरूण साव को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। पेशे से अधिवक्ता अरूण साव अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री का दायित्व निभा चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रह चुके हैं।

9. चुन्नीलाल साहू- महासमुंद

महासमुंद लोकसभा से पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। वे खल्लारी विधानसभा से एक बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। किसान मोर्चा से जुड़कर किसानों के हित में कार्य करते रहे हैं।

10. विजय बघेल- दुर्ग

दुर्ग लोकसभा से पूर्व विधायक विजय बघेल को उम्मीदवार बनाया है। पाटन से विधायक रहे विजय बघेल ने वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 2008 में पराजित किया था। पूर्व में भिलाई 3 चरौदा के नगर पंचायत अध्यक्ष रहे। वर्तमान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं।

11. ज्योतिनंद दुबे- कोरबा

कोरबा लोकसभा से ज्योतिनंद दुबे को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। पूर्व में विधायक के चुनाव लड़ चुके हैं। पूर्व में खाद्य आयोग के अध्यक्ष थे। वे सांसद प्रतिनिधि भी रहे हैं। साथ ही एसीसीएल में जुड़कर कर्मचारियों के हित में कार्य करते रहे हैं।